संगोष्ठी | मंत्री पटेल ने बताया ऐतिहासिक क्षण

# जरारूधाम गौ-अभ्यारण में 2100 देववृक्षों की स्थापना





**नवभारत,हटा/दमोह।** यह तीन दिन गौ-अभ्यारण और क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक व गौरवपूर्ण है, दादा गुरु के 2100 निराहार दिवस पूर्ण होने के अवसर पर 2100 देववृक्षों की स्थापना की जा रही है, जो पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, पिछले वर्ष दादा गुरु के 1705 निराहार दिवस पूर्ण होने पर 1705 पौधों का रोपण किया गया था। वह सभी पौधे आज सुरक्षित व विकसित है, यह जनसहभागिता और सेवा भावना का परिणाम है। इस आशय के विचार प्रदेश के पंचायत व ग्रामीण व श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने जरारूधाम गौ- अभ्यारण में आयोजित दादा गुरु के सानिध्य में आयोजित 2100 देववृक्षों की स्थापना, रक्तदान शिविर, सत्संग संवाद तथा प्रसादी कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। मंत्री पटेल ने कहा मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने सीमित संसाधनों के बावजूद जरारूधाम में रात्रि विश्राम कर संस्थान का सम्मान बढ़ाया है। इस अनुभव के आधार पर आगामी वर्ष बेहतर आवास व अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि परिवार सहित आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कार्यक्रम के दौरान श्रमंथन अतिथि गृहस्थ का लोकार्पण किया गया, जहाँ पूज्य दादा गुरु व उनके सहयोगियों के ठहरने की व्यवस्था रहेगी।

### नर्मदा परिक्रमा आत्मिक साधना का मार्ग व्यवस्थाओं से नहीं डिगना चाहिए : मंत्री पटेल

मंत्री पटेल ने कहा नर्मदा परिक्रमा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि ध्यान, योग और भक्ति का ऐसा संगम है, जहां चलते-चलते साधक आत्मिक अनुभूति प्राप्त करता है।

### जाति, पंथ और संप्रदाय भले ही अलग-अलग हों लेकिन सभी की धरती और माटी एक है : दादा गुरू

दादा गुरु ने कहा जीवन में जब भी सत्संग का अवसर प्राप्त हो, उसे कभी नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि सत्संग मनुष्य के जीवन को नई दिशा देने के साथ उसके भाग्य परिवर्तन का भी माध्यम बन सकता है। सत्संग के माध्यम से ईश्वर व परमात्मा की अनुभूति का मार्ग प्रशस्त होता है, उन्होंने कहा किसी तीर्थ या पीठ में आयोजित सत्संग का महत्व और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि ऐसे स्थानों पर आध्यात्मिक शक्ति का विशेष प्रभाव रहता है। गौ को भी भारतीय संस्कृति में शक्ति एवं श्रद्धा का प्रत्यक्ष स्वरूप माना गया है। जरारूधाम गौ अभ्यारण्य में वृहद पौधारोपण महाअभियान का भव्य शुभारंभ हुआ। इस दौरान दादा गुरु जी की अखंड निराहार साधना के यशस्वी 2,100 दिवस पूर्ण होने के अवसर पर, इस महाअभियान के अंतर्गत 2,100 पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पूज्य दादा गुरु जी महाराज के पावन कर-कमलों द्वारा बरगद (वट) सहित अन्य पौधे रोपित कर किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारीगण सहित ग्रामीणजनों ने सहभागिता निभाई इस अवसर पर बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी, नरेंद्र बजाज, गोपाल पटेल, गौरव पटेल, ओएसडी डॉ. सी.पी पटेल, प्रतिज्ञा सिंह, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, आरईएस प्रभारी ईई अदिति एच ठाकुर, एसडीओपी प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी वंदना गौर, ब्रजलाल पटेल, सीईओ जनपद ए.के सिंह शिवचरण पटेल, सुशील गुप्ता, अमर सिंह राजपूत, पंडित नरेंद्र दुबे, साधु सिंह, कैलाश शेलार, राजकुमार लोधी, गंगाराम लोधी, शंकर महतो, नर्मदा सिंह एकता, अनीता खरे, आचार्य जगेंद्र सिंह, प्रदीप नायर, श्याम नेमा, भुजवल दाउ, कमल सिंह, कक्कू महाराज, भालू सिंह, बहादुर सिंह, मनीष अग्रहरि, समनापुर आसन समिति के सदस्यगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सम्मानीय मीडियाजन और श्रद्धालु गण मौजूद थे।



## रक्तदान कर दिया सेवा और जागरूकता का संदेश

▶ 25 यूनिट रक्त एकत्र किया


**नवभारत,दमोह.** दादा गुरु के पावन सानिध्य में विकासखंड बटियागढ़ के जरारूधाम गौ-अभ्यारण में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्रण किया गया। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने रक्तदान शिविर में रक्तदान कर अपनी सक्रिय सहभागिता दर्शाई। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं रक्तदान कर समाज को रक्तदान के लिए प्रेरित किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया। सीबीएमओ डॉ. महेश सिंह डॉ. ऐपी जैन ने बताया कि शिविर दौरान वरिष्ठ समाज सेवी नरेंद्र बजाज, कविता बजाज, प्रीतम चौकसे मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राकेश राय,पुष्पेंद्र पटेल,श्रीमांत चौरसिया,दुर्गेश नायक व टाईम कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में करेली जिला नरसिंहपुर से आये समाजसेवी अवधेश रघुवंशी ने 15वीं बार व भोपाल से आये समाजसेवी दीपक पटेल ने 8वीं बार रक्तदान कर उपस्थित लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। दोनों रक्तदाताओं ने युवाओं से अपील की कि स्वस्थ व्यक्ति को स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। डॉ. राय ने रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के पंजीयन, स्वास्थ्य परीक्षण, रक्त संग्रह, स्वच्छता तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि रक्तदाताओं की सुविधा, सुरक्षा व गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का विशेष ध्यान रखा जाए तथा प्रत्येक रक्तदान निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप किया जाए। शिविर के दौरान जिला स्तर से पैथोलॉजिस्ट डॉ.अमित प्रकाश जैन सहित जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक टीम व लैब तकनीशियन भी उपस्थित रहे और रक्त संग्रह की संपूर्ण प्रक्रिया का सफल संचालन किया।

### एक नजर में

#### जानवी असाटी ने नीट यूजी में लहराया परचम, ऑल इंडिया रैंक 16304



नवभारत,दमोह. विगत 21 जून 2026 को आयोजित नीट यूजी परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। इस परीक्षा में देशभर से 11 लाख 21 हजार परीक्षार्थी क्वालिफाइड हुए हैं दमोह के लिए गौरव की बात है कि शोभा नगर निवासी शिक्षिका श्रीमती दीप्ति मनीष असाटी की पुत्री जानवी असाटी ने भी नीट यूजी में सफलता प्राप्त की है। जानवी की ऑल इंडिया रैंक16304 बताई जा रही है।जानवी की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता, परिवारजन, रिश्तेदार, समाजजन और दोस्तों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।



#### युवक का दो हिस्सों में शव मिला

**नवभारत,दमोह।** जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदकपुर चौकी के समीप बांदकपुर स्टेशन रेल लाइन पर टिकरी पिपरिया निवासी कोदूलाल अहिरवार 35 वर्ष का शव दो हिस्सों में मिलने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है वह मौके पर बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा,प्रधान आरक्षक मुकुंद सहित पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करवाया।

#### अज्ञात महिला का शव मिलने से पुलिस जांच में जुटी

**दमोह।** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत नरसिंहगढ़ चौकी के समीप रानगिर डैम के पास एक अज्ञात महिला का शव मिलने से पुलिस जांच में जुटी हुई है।वहीं शव को एसडीईआरएफ की टीम से निकलवा कर शव सुरक्षित जिला अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया है शव से बहुत ही बदबू आ रही है।



#### ड्यूटी के साथ इंसानियत भी निभाई, अपंग का फॉर्म भरते हुए होमगार्ड सैनिक माखनलाल

**नवभारत,दमोह।** कलेक्ट्रेट गेट पर जनसुनवाई के दौरान इंसानियत की मिसाल पेश करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में होमगार्ड सैनिक माखनलाल ड्यूटी के साथ-साथ एक बेसहारा अपंग की मदद करते नजर आ रहे हैं।दरअसल,एक अपंग व्यक्ति अपनी समस्या लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचा था।उसे फॉर्म भरवाना था, लेकिन वह कैफे तक जाने में असमर्थ था। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड सैनिक माखनलाल ने ड्यूटी के साथ-साथ उस परेशान अपंग का फॉर्म भरने में मदद की।इस नेक काम को किसी ने कैमरे में कैद कर लिया।वीडियो वायरल होने के बाद लोगहोमगार्ड सैनिक माखन लाल की जमकर तारीफ कर रहे हैं।



## रेलवे ओवरब्रिज और रेक प्वाइंट का लिया जायजा

▶ करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे कार्यों का निरीक्षण

**नवभारत,दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमृत भारत संकल्प के तहत जिले में रेलवे अधोसंरचना के आधुनिकीकरण के लिए संचालित परियोजनाओं की प्रगति का निरीक्षण करने सांसद राहुल सिंह लोधी ने रेलवे स्टेशन चौराहा बांदकपुर, करैया रेलवे स्टेशन, आनू फाटक, दमोह-हिंडोरिया-पटेरा मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज तथा नवनिर्मित लोडिंग-अनलोडिंग रेक प्वाइंट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की समीक्षा कर गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये.

## निजी स्कूलों का औचक निरीक्षण, कमियां मिलने पर दी हिदायद

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** कई दिनों से निजी स्कूलों में कमियों की शिकायतें प्रशासन तक पहुंच रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर तेंदूखेड़ा नगर के 4 निजी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया।एसडीएम सीजी गोस्वामी और तहसीलदार डॉ. विवेक व्यास ने दो-दो स्कूलों का अलग-अलग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल की बिल्डिंग,कमरे,दक्ष शिक्षकों,जल आपूर्ति, वॉशरूम- टॉयलेट, खेल मैदान और वृक्षारोपण की जानकारी ली गई। इसके साथ ही स्कूल में पंजीकृत बच्चों की संख्या, मुख्य स्कूल में बस



सुविधा, चालक की जानकारी और बस का परमिट आदि दस्तावेज भी मांगे गए।जांच में अधिकांश स्कूलों में कुछ न कुछ कमियां पाई गईं। अधिकारियों ने संबंधित स्कूल प्रबंधन को कमियां तत्काल दूर करने की हिदायत दी।निरीक्षण किए गए स्कूलों में आईईएस इंडिया पब्लिक स्कूल और आरुष अकादमी स्कूल मुख्य रूप से शामिल हैं।अधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में 3-4 अन्य निजी स्कूलों का भी निरीक्षण किया जाएगा। उसमें यह भी जांचा जाएगा कि स्कूली ड्रेस, किताबों सहित अन्य सामग्री निजी तौर पर स्कूल द्वारा तो नहीं बेची जा रही। साथ ही खेल मैदान है या नहीं, विषयवार शिक्षक हैं या नहीं और बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था है या नहीं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सीजी गोस्वामी और तहसीलदार डॉ. विवेक व्यास के साथ बीईओ जुगल शर्मा, बीआरसी परम लाल अहिरवार भी मौजूद रहे।



## जबेरा मंडी में मूंग खरीदी केंद्र का शुभारंभ

▶ 2187 किसानों से होगी खरीदी

**नवभारत, जबेरा/ दमोह ।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के लिए जबेरा कृषि उपज मंडी प्रांगण में खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन व धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के पिता भाव सिंह लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ भाव सिंह लोधी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया तथा उपस्थित किसानों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने किसानों से शासन की खरीदी व्यवस्था का लाभ लेने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी उपज विक्रय करने का आग्रह किया। खरीदी केंद्र के संबंध में जानकारी दी.

## सिंग्रामपुर-पोंडी मानगढ़ मार्ग पर हरदुआ सिंगौरगढ़ की पुलिया क्षतिग्रस्त

▶ ग्रामीण परेशान,शीघ्र मरम्मत की उठी मांग

**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह।** दमोह जिले के सिंग्रामपुरदूपोंडी मानगढ़ मार्ग पर स्थित ग्राम हरदुआ सिंगौरगढ़ की पुलिया लंबे समय से क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया के टूटे होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है और बरसात के मौसम में दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है।ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग आसपास के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग



है। प्रतिदिन किसान, छात्र, मजदूर और अन्य लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। पुलिया क्षतिग्रस्त होने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है। बारिश के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब पुलिया पर पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को पुलिया की मरम्मत कराने की मांग से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिया का सुधार कार्य नहीं कराया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है

ग्रामीणों ने प्रशासन व लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि पुलिया का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत व सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क और पुलिया जैसी मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी से आमजन को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सुधार कार्य शुरू कराने की अपील की है।

## पदोन्नति पर जेल कर्मचारियों का सम्मान, उपजेल अधीक्षक ने लगाई रैंक फित्ती

**नवभारत,हटा/दमोह।** मप्र जेल विभाग द्वारा जारी पदोन्नति सूची के तहत हटा उपजेल में पदस्थ अधीनस्थ कर्मचारियों को पदोन्नति मिलने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपजेल अधीक्षक नागेंद्र सिंह ने पदोन्नत कर्मचारियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनकी नई पदस्थापना के अनुरूप रैंक की फ़ित्ती लगाकर शुभकामनाएं दीं।समारोह में उपजेल अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि पदोन्नति कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और उत्कृष्ट कार्यशैली का सम्मान है।



उन्होंने सभी पदोन्नत अधिकारियों व कर्मचारियों से नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने का आह्वान किया।पदोन्नति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में ललन सिंह, दिनेश सौंधिया, अशोक वर्मन व राहुल यादव को प्रहरी से मुख्य प्रहरी पद पर पदोन्नत किया गया। वहीं रोशन लाल रावत को कार्यवाहक प्रमुख मुख्य प्रहरी से स्थायी प्रमुख मुख्य प्रहरी के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। इस दौरान उन्हें हवलदार एवं संबंधित पदों की रैंक फ़ित्ती लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपजेल परिवार के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## नशे से दूरी है ज़रूरी 2 .0 अभियान : बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

**नवभारत, दमोह ।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) की पहल पर खेलों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस बल दमोह द्वारा युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैडमिंटन टूर्नामेंट (सिंगल्स व डबल्स) का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता




22 जुलाई 2026 से 25 जुलाई 2026 तक इंडोर हॉल, हॉकी एस्ट्रोटर्फ के सामने, दमोह में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी व बैडमिंटन प्रेमी भाग लेकर खेल भावना का परिचय देंगे तथा समाज को नशामुक्त बनाने के इस जनजागरूकता अभियान से जुड़ेंगे। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने जिले के सभी युवाओं, खिलाड़ियों व नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में सहभागिता करने का आग्रह करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर नहीं बनाते, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान कर उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रखेगी.

## जहरीला पदार्थ खाने और सर्पदंश से 2 महिलाओं की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**नवभारत,दमोह.** जिले में अलग-अलग घटनाओं में जहरीला पदार्थ का सेवन और सर्पदंश के कारण दो महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है।थाना नोहटा क्षेत्र के ग्राम खमरिया निवासी प्रभावाई पति मूरत सिंह लोधी,उम्र 36 वर्ष ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाए। यहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जबलपुर रेफर कर दिया।जबलपुर ले जाते समय रास्ते में ही महिला ने




दम तोड़ दिया।वहीं थाना तेजगढ़ क्षेत्र के ग्राम टीकाराम पिपरिया निवासी गुलाबबाई पति भूपल लोधी, उम्र 45 वर्ष को सांप ने काट लिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।जिला अस्पताल चौकी प्रभारी शुभनारायण यादव ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सिलापुरी के पास सड़क दुर्घटना में मौत

जिले के हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलापुरी के पास सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो जाने पर इलाज के लिए मंगलवार रात दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया?। जिसकी हालत गंभीर होने पर ड्यूटी रत डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर जबलपुर रेफर किया था जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बबलू आदिवासी पिता लक्ष्मण उम्र 32 वर्ष की मौत हो गई।

चोरी | सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा आरोपी, पथरिया थाना क्षेत्र की घटना

# ज्वेलरी शॉप की दीवार में छेद कर लाखों की चोरी



**नवभारत,पथरिया/दमोह।** जिले के पथरिया थाना क्षेत्र के शासकीय कन्या स्कूल के पास संचालित एक ज्वेलरी शॉप की दुकान में अज्ञात चोरों के द्वारा दीवार में छेद कर लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है.दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर चोरी करता हुआ दिखाई दिया है.घटना शुक्रवार सुबह करीब साढे तीन बजे की है. स्थानीय लोग जब सुबह उठे और उन्होंने दुकान की दीवार में छेद देखा तो तत्काल ही दुकान संचालक को मौके पर बुलाया और पुलिस को जानकारी दी। पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी, सहित पथरिया पुलिस और दमोह से फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट सुरेंद्र सिंह तोमर की टीम घटनास्थल पहुंची और मामले में जांच की जा रही है जानकारी के अनुसार पथरिया के शासकीय कन्या स्कूल के पास मिट्ठू शराफ़ उर्फ प्रकाश चंद्र सर्राफ की ज्वेलरी शॉप की दुकान है। दुकान के पिछले हिस्से में अज्ञात आरोपी के द्वारा 7 से 8 इंच का छेद कर दुकान के अंदर घुसकर लाखों की चांदी और दो जोड़ी सोने की झुमकी चुरा ली है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी आरोपी दिखाई दे रहा है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के अनुसार एक आरोपी ही दुकान के अंदर घुसा हुआ है। जिसके द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। जिस शातिराना स्टाइल से दुकान के पिछले हिस्से में छेद कर आरोपी घुसा है। उससे यह भी अंदेशा है कि आरोपी बिल्कुल दुबला पतला हो तभी वह इतने छोटे से छेद के अंदर दुकान के अंदर घुस गया।

### इनका कहना है...

पुलिस को जानकारी लगने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची इसके बाद दमोह से फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम भी बुलाई गई। जिसके द्वारा सबूत एकत्रित किए गए।पुलिस के अनुसार सीसीटीवी कैमरे में आरोपी का हुलिया स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है और उसकी तलाश के लिए पुलिस की टीम लगी हुई है। **-प्रिया सिंधी-एसडीओपी पथरिया**

## शराब दुकान में तोड़फोड़ करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

▶ पुलिस ने जुलूस निकालकर किया न्यायालय में पेश

**नवभारत,दमोह।** देहात थाना क्षेत्र के हटा नाका शराब दुकान में तोड़फोड़ करने वाले छह आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। सभी आरोपियों का जिला अस्पताल से न्यायालय तक जुलूस निकाला गया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस दौरान आरोपी अपराध ना करने के नारे लगाते हुए चल रहे थे. उल्लेखनीय है कि बुधवार देर रात हटा नाका पर संचालित संजीत राय की शराब दुकान में कार और बाइक से आए बदमाशों के द्वारा मुफ्त में शराब मांगी थी और पैसों की डिमांड की थी।जब शराब दुकान के कर्मचारियों ने मना कर दिया तो आरोपियों के द्वारा कर्मचारियों से



मारपीट करते हुए दुकान में तोड़फोड़ की गई और कई महंगी शराब की बोतले फोड़कर आरोपी मौके से भाग निकले। तत्काल ही कर्मचारियों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई।सीएसपी एचआर पांडे के साथ देहात थाना से विक्रम दांगी चौकी प्रभारी पहुंचे। शराब दुकान के कर्मचारियों के बयान दर्ज करने के बाद आरोपियों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश की गई। देहात थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि शराब दुकान में तोड़फोड़ करने वाले छह आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही थी। शुक्रवार दोपहर उन्हें गिरफ्तार कर जिला अस्पताल मेडिकल परीक्षण के लिए लाया गया। वहां से उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। इन आरोपियों जिनमें इकबाल खान,लूडो पंडित, कृष्णा रोहित,आदर्श ठाकुर, मिथुन रैकवार और राधे रैकवार का आपराधिक रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है ताकि सख्त कार्रवाई होगी.